प्रेसनोट, दिनांक 02.04.2026

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव

आवेदकों के खाते में 1,02,007 रूपये की सम्पूर्ण धनराशि रिफण्ड करायी गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा आवेदकों के खाते में 1,02007/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि रिफण्ड करायी गयी।

प्रकरण 1 – दिनांक 22.03.2026 को आवेदक विवेक पाल पुत्र अशोक पाल निवासी मसवासी थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा आनलाइन साइबर पोर्टल पर क्रेडिट कार्ड पर लिमिट बढाने व चार्ज न कटने के नाम पर 19012 रू0 का फ्राड होने विषयक प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिस पर थाना कोतवाली साइबर टीम उन्नाव द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 02.04.2026 को आवेदक की फ्राड की गयी सम्पूर्ण धनराशि 19012/- रूपये रिफण्ड करायी गयी।

प्रकरण 2- दिनांक 01.04.2026 को प्रदीप कुमार पुत्र मुन्नू सविता निवासी सरोसी थाना कोतवाली सदर जनपद-उन्नाव द्वारा साइबर पोर्टल पर गूगल पे के माध्यम से 82995/-रू0 का फ्राड होने विषयक प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिस पर थाना कोतवाली उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 02.04.2026 को फ्राड की गयी 82995/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी गयी।

<u>**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-**</u>

प्रभारी निरीक्षक चन्द्रकान्त मिश्र

अप0निरी0 राजेश यादव

महिला आरक्षी सोनिया शर्मा